## न्यूज गैलरी

### प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के तत्वाधान में बच्चों के बीच बांटा गया टैब



**कोलेबिरा।** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन कोलेबिरा के तत्वाधान में कोलेबिरा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिवनाथपुर में ग्रामीणों के साथ डिजिटल शिक्षा को लेकर टैब वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप मे शिक्षा विभाग से प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विकास कुमार जनप्रतिनिधि के रूप मे पंचायत मुखिया अंजू रानी मिंज विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं पोषक क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक में शैक्षणिक गतिविधियां संबंधित बातचीत किया गया संस्था के प्रखंड प्रभारी कीर्ति राज साहू ने बताया कि प्रखंड के 9 विद्यालय उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिवनाथपुर, भंडार टोली, बोगराम, बकरी टोली, नवाटोली, रामजड़ी, एरडेगा, छोटका टोली एवं उच्च विद्यालय सारंगापानी के कक्षा 6-8 में पढ़ने वाले सभी बच्चों का समूह निर्माण किया गया है इन सभी विद्यालय के बच्चों के बीच 98 टैब बांटा जाएगा जिससे गांव में बच्चे टैब के माध्यम से रुचिपूर्ण स्वयं सीखने की आदत बना सके बच्चों में समूह मे पढ़ने की आदत बन सके। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विकास कुमार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रथम एजुकेशन के सदस्य शिक्षक शिक्षिकाएं शिक्षा पदाधिकारियों जनप्रतिनिधि का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

### कुरडेग में गीत संगीत द्वारा शिक्षा, कुष्ठ रोग सहित डायन बिसाही के प्रति किया गया जागरूक

**कुरडेग।** जिला जनसंपर्क कार्यालय सिमडेगा के सौजन्य से चक्रीय विकास संस्थान सिमडेगा के कलाकारों के द्वारा शुक्रवार को कुरडेग प्रखंड के कुरडेग बाजार और खिंडा पंचायत के खिंडा बाजार टाड़ में नागपुरी लोक गीत व नृत्य एवम नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शिक्षा,कुष्ठ रोग,छुआछूत की बीमारियां,सहित डाईन बिसाही और सरकार की सार्वजनिक पेंशन योजनाओं की जानकारी लोगों को दिया गया। मौके पर पंपप्लेट का भी वितरण किया गया।मौके पर चक्रीय विकास संस्थान के दल नायक सत्यव्रत ठाकुर ने कहा कि कुष्ठ रोग का लक्षण दिखने पर शीघ्र स्वास्थ्य केंद्र जाकर डॉक्टरों की सलाह से दवा ले। सभी स्वस्थ्य केंद्रों में निशुल्क दवा दिया जाता है। कुष्ठ रोग छुआ छूत की बीमारी नहीं है इससे डरना नहीं है। इसके साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही सार्वजनिक पेंशन योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपने जनप्रतिनिधियों से जानकारी लेने की बात कही। मौके पर कलाकारों में खिलेश्वेर सिंह, पुनीत दुबे, दयाल इंदवार, महारथी नायक, गंदुर नायक, सुदामा सिंह, रंथु नगेशिया, अर्जुन नायक, पारसनाथ नायक उपस्थित थे।

### वाहन जांच अभियान चला, 13 गाड़ी से 22 हजार का जुर्माना वसूला गया

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा में एंटी क्राइम एवं सड़क सुरक्षा के तहत थाना के समीप जिला परिवहन पदाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर चलाया गया वाहन जाँच अभियान। वाहन जांच के दौरान दो पहिया वाहन सहित चार पहिया वाहन का डिक्की सर्च किया गया। साथ ही गाड़ी का फिटनेस,ओनर बुक, लाइसेन्स, हेलमेट सहित अन्य कागजों का जाँच किया गया। वही जिन वाहनो का वाहन सम्बन्धित कागजात नही रहने के कारण वैसे 13 वाहन मालिक से त्वरित करवाई करते हुए लगभग 22 हजार रुपये जुमार्ना के तौर पर वसूला गया। वाहन जांच में सेन्हा थाना के स0आ0नि0 आयता खेस पुलिस बल के सहयोग से सभी बिंदुओं पर बारीकी से जांच किया। मौके पर एमवीआई सिरिल संतोष बेसरा, दुलार कुजूर मौंजूद थे।

### कैरो पुलिस द्वारा एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया

**कैरो/लोहरदगा।** कैरो नागजुआ मुख्य सड़क पर खंडा के समीप शुक्रवार को कैरो पुलिस द्वारा एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। एएसआई एसएन दास ने बताया कि चेकिंग के दौरान दो पहिया,चार पहिया वाहनों की गहन जांच की गई। वाहन से संबंधित कागजात, हेलमेट व डिक्की आदि की भी जांच की गई। मौके पर सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया । नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने पर जोर दिया। इस मैके पर थाना के दलबल मौजूद थे।

### मानदेय बढ़ने पर सेविका-सहायिका ने मनाया जश्न, जताया आभार



**बेड़ो।** राज्य सरकार द्वारा सेविका सहायिका कार्यकताओं के मानदेय में बढ़ोतरी होने पर प्रखंड क्षेत्र के सेविका सहायिका कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में जश्न मनाया। जिसमें आंगनबाड़ी कर्मचारी सभा की महासचिव सुंदरी तिर्की सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय पूर्व मुखिया साजर तिर्की शामिल हुए। जिन्हे फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया और जीत की बधाई दी। इस दौरान सेविका सहायिका कार्यकताओं ने एक दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगा एक दूसरे को बधाई दी। मौके पर सुंदरी तिर्की ने कहा कि कहा कि राज्य सरकार ने सेविका सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि करने की घोषणा की है। अब सेविका को 9500 और सहायिका को 4750 रुपया मिलेगा। यह जीत हमलोगों की एकजुटता की बड़ी जीत है। उन्होंने कहा संगठन की सभी कार्यकताओं की एकजुटता ने रंग लाई। सबों की सहभागिता यह सफलता हमें मिली है। साथ ही उन्होंने कहा कि लंबित मांगों को लेकर भी आवश्यक कदम उठाया जाएगा है। मौके पर उमेरा खातून,बसंती देवी,सूर्यमुखी उरांव, रोज केरेंसिया तिग्गा,सोमरी कुमारी,शांति एक्का,जयंती देवी,जुबिता उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

## स्वंतत्रता लड़ाई में महात्मा गांधी के साथ टाना भगतों ने निभायी थी अहम भूमिका

# बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा हैं टाना भगतों का गांव खक्सी टोली

नवीन मेल संवाददाता



**बेड़ो।** देश भले ही वैश्विक स्तर पर सफलताओं के नए आयाम और कीर्तिमान स्थापित कर रहा हो मगर ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लोगों की दशा बदहाल है। सरकारें भले ही विकास शील होने का दावा कर रही हो मगर जमीनी हकीकत यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी मूलभूत सुविधाओं के नाम पर केवल आश्वसान की घुट्टी पिलाई जा रही है।

एक तरफ देशभर में आजादी के 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर रांची जिले के बेड़ो के खक्सी टोली गांव के टाना भगत जिन्होंने स्वंत्रत्रता लड़ाई में महात्मा गांधी के साथ अहम भूमिका निभाने वाले टाना भगतों के गांव में बुनियादी सुविधाओं का टोटा है। इस गांव में आजादी के सात दशक व पंचायती राज के एक दशक बीत जाने के बावजूद इस गांव में ना ही बेहतर सड़क है और ना ही पीने के पानी की समुचित व्यवस्था है। इस गांव में सड़क व पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं बदहाल हैं। सरकार भले ही सड़कों का जाल बिछाने व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का ढिंढोरा पीट रही हो पर खक्सी टोली गांव के धरातल पर सरकार की योजनाओं का वास्तविकता की हकीकत कुछ अलग ही बयां करती है। जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर बेड़ो प्रखंड के खक्सी टोली गांव यहां लगभग 40 टाना भगतों के परिवारों का यह गांव ह जो देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महात्मा गांधी के विचारों को मानने वाले चरखा छाप तिरंगा झंडा को पूजा करने वाले टाना भगतों के गांव में बुनियादी सुविधाएं नदारत है। गांव के टाना भगत रोटी कपड़ा मकान के लिए आज भी तरस रहे हैं। इनके बच्चों को पढ़ने के लिए गांव में प्रारंभिक शिक्षा तक मुक्कमल व्यवस्था तक नहीं है। स्मारक स्थल के समीप प्राथमिक विद्यालय है जहां शौचालय व चापाकल को हाथी द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिए जाने के कारण बच्चे शौच से निवृत होने के लिए तालाब जाते है। गांव के लोग सन्नी टोप्पो द्वारा टाना भगत स्मारक स्थल पर बनवाये गए बोरिंग से पीने का पानी लाते हैं। गांव की महिलाएं कहती हैं कि आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी आज तक गांव में बुनियादी सुविधा नहीं पहुंची है। उन्होंने कहा कि हमलोग इंतजार कर रहे हैं कि कोई तो हमारे पूर्वजों के इस गांव में आएंगे और बदहाली दूर करेंगे। जबकि प्रत्येक वर्ष 30 अगस्त को मुक्ति दिवस पर हमारे गांव में पूर्वजों के स्मारक स्थल पर जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी ताम झाम के साथ आते है और आश्वसन देकर चले जाते है। लेकिन गांव की समस्या अभी तक दूर नहीं हुई है। गांव की महिलाओं को मजदूरी करने के लिए दूर दराज जाना पड़ता है। गांव में रोजगार की सुविधा नहीं होने से बड़ी संख्या में ग्रामीण पलायन करने को मजबूर हैं।

### हम टाना भगतों की वास्तविक स्थिति दयनीय: जिलाअध्यक्ष

ज्ञात हो कि यह गांव जल पुरुष पद्मश्री सिमोन उरांव का भी है। वहीं गांव में रहने वाले टाना भगतों के रांची जिला के अध्यक्ष खेड़या टाना भगत का कहना है कि गांव और हम टाना भगतों की वास्तविक स्थिति दयनीय है जहां न तो पीने के लिए पेयजल है, न आने जाने के लिए सही सड़क का निर्माण हुआ है, न धोती साड़ी खरीदेने के लिए पैसा मिल पा रहा है, न तो शौचालय निर्माण का पैसा दिया गया है। न ही बच्चों के पढ़ने के लिए बेहतर स्कूल है। और न ही इलाज के लिए अस्पताल प्रशासन की उपेक्षा के कारण हम सभी आज भी शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, सड़क जैसी अन्य मूलभूत सुविधा के लिए तरस रहे है। मैं लकवाग्रस्त हो गया हूं और मेरी पत्नी सानो टाना भगताईन भी बीमार पड़ी हुई लेकिन हमारी कोई सुनने वाला नहीं है। दो दिनों से हम दोनों ने खाना तक नहीं खाया है। खेड़या बाबा का कहना है कि विकास के दौर में आज भी गांव पिछड़ा हुआ हैं। मुख्यमंत्री व जिला के अधिकारियों ने इस गांव की हालत को नहीं देखा हैं, हमलोगों को आश्वासन के अलावा आज तक कुछ नहीं मिला। गांव के लोग आज भी विकास आस लगाए बैठे हैं।

# दो दिवसीय नेशनल स्टुडेंट्स फेकल्टी एक्सचेंज कार्यक्रम का हुआ समापन

नवीन मेल संवाददाता



**ओरमांझी ।** आर.टी.सी. कॉलेज के विवेकानंद सभागार मे नेशनल स्टुडेंट्स फेकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम का समापन किया गया। प्रोग्राम में शामिल छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भगवान बिरसा जैविक उद्यान, चकला, मगरमच्छ प्रजनन केंद्र मुट्टा, गेतलसूद डैम और हुंडरू जल प्रपात का एक्सपोजर विजिट कर उससे जुड़ी जानकारियां हासिल किया। दो दिनों तक चल रहा नृत्य-संगीत, क्विज, अंताक्षरी, म्युजिकल चेयर रेस, चेस एवं कैरम प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। मौके पर कार्यक्रम मे मुख्य रूप से पूर्व सांसद राम टहल चौधरी,ओरमांझी प्रमुख अनुपमा देवी, डॉ.पारसनाथ महतो, प्रो.शैलेंद्र मिश्र, डा.भीम महतो, बी बी नीरज, डॉ. संतोष मिश्र, डॉ.मोनालिसा दास, डॉ.राकेश शुक्ला, डॉ श्याम मिश्र, डॉ पद्मावती महापात्रा, डॉ महमूद आलम, डॉ नीलम गुप्ता, प्रो.एकबाल अंसारी, प्रो. रीता कुमारी, प्रो योगेन्द्र ठाकुर, प्रो.प्रेम नाथ मुंडा, प्रो.आरएल पांडेय, प्रो.रामकुमार महतो, प्रो ओपी साहा, प्रो कैलास ठाकुर, प्रो गफ्फार अंसारी, प्रो मीनू कुमारी, प्रो शशि मिश्रा, प्रो रेणू चौधरी, प्रो विजय कुमार, प्रो.अलका, प्रो.अनुराधा, अनीता, अशोक सहित अन्य मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना के प्रति स्कूली बच्चों को किया गया जागरूक

# सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने वाले होंगे पुरस्कृत

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव के आदेशानुशार सिमडेगा जिला अंतर्गत राज्यकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय लुकिबहार,आर.सी. मध्य विद्यालय कोचेडेगा एवं जीईएल उच्च विद्यालय कोचेडेगा में सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित छात्र -छात्राओं को सड़क सुरक्षा तथा यातायात के नियमों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान काफी संख्या में विद्यालय के छात्र तथा शिक्षक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान आईटी सहायक नितेश कुमार के द्वारा छात्रों को सड़क सुरक्षा,यातायात नियम, हेलमेट सीटबेल्ट का उपयोग, इमरजेंसी सेवाएं, साइनेज, ट्रैफिक लाइट, हैंड साइन, इमरजेंसी सेवा, तथा अन्य संबंधित तथ्यों के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक के द्वारा जानकारी दी गई कि प्रति वर्ष देश में तथा राज्य में हजारों की संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। जिससे काफी लोगों की मृत्यु हो जाती है इन सब को देखते हुए हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है कि सड़क दुर्घटना के नियंत्रण हेतु सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करें तथा अपने घर परिवार के सदस्यो, मित्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें ।यातायात नियमों का पालन सभी के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि सड़क दुर्घटनाएं किसी व्यक्ति विशेष कि नहीं होती, सड़क दुर्घटना किसी के साथ भी हो सकती है। जिसके कारण परिवार को बहुत बड़ी क्षति पहुंचती है , अतः इन सब को देखते हुए जरूरत पड़ने पर अपने परिवार जनों की सहायता प्राप्त करें। जिससे सड़क दुर्घटना में भी कमी लाई जा सकती हैं तथा विधालय के सभी विधार्थियो को सड़क मे प्रॉपर डेमोंस्ट्रेशन दिया गया। साथ ही छत्रों को गुड सेमेरिटन के बारे में अवगत कराया गया की अगर कोई भी सड़क हादसे का शिकार हो गया हो तो उसे अस्पताल पाहुचाए या हेल्पलाइन नम्बर पर कॉल कर यथा संभव सहायता करें। इस दौरान जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक अजीत कुमार रवि,आईटी सहायक नितेश कुमार एवं विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

## सेन्हा में तीन दिवसीय मां सरना कप फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

# खेल से भाईचारा का भावना जागृत होता है : राधा

नवीन मेल संवाददाता



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के चौकनी डांडू का खेल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय माँ सरना कप फुटबॉल टूनार्मेन्ट का समापन गुरुवार को किया गया। प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत मुरकी तोड़ार पंचायत के चौकनी डांडू का खेल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय मां सरना कप फुटबॉल टूनार्मेन्ट आयोजन किया गया था। जिसमे बालक का 8 टीम व बालिकाओं का 4 टीम भाग लिया था। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिप सदस्य राधा तिर्की मौजूद थी। फाइनल मैच से पूर्व जिप सदस्य राधा तिर्की खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल और पढ़ाई में सफलता पाने के लिये अनुशासन बहुत ही आवश्यक है। खेल से मित्रता व भाईचारा का भावना जागृत होता है। जिसे जिस खेल में रुचि है। उसी पर फोकस कर कैरियर बनाये। वही बालिका वर्ग का फाइनल मैच पहाड़ टीम इचरी बनाम फुटबॉल क्लब कुन्दगड़ी के बीच खेला गया। जिसमें इचरी की टीम 0-1 से पराजित कर विजेता बना वही बालक वर्ग में एनएफसी डांडू बनाम रोमन रेंजर्स मुरकी के बीच खेला गया जिसमें मुरकी को 0 - 1 से पराजित कर एनएफसी डाँडू विजयी रहा। साथ ही अच्छे खेल के लिये बालक वर्ग में मैन ऑफ दी सीरीज संतोष नायक को और बालिका वर्ग में मोनिका कुमारी को पुरस्कार दे कर आयोजन समिति द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर सेन्हा पंचायत मुखिया धनवाज उरांव, जे एमएम प्रखंड अध्यक्ष जय तिर्की,बिस सूत्री सदस्य देवकी उरांव के अलावे अमित भगत, सुखदेव महतो,मुकेश भगत, सजित भगत जहित सैकड़ो खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मनाया गया मदर टेरेसा की जयंती

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बानो में शुक्रवार को संत मदर टेरेसा की जयंती मनाई गई। जहां मदर टेरेसा की प्रतिमा पर बानो अंचल अधिकारी स्मृति कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, संस्थान के निदेशक डॉ प्रह्लाद मिश्रा, मैनेजमेंट सदस्य अलबीना बारला तथा प्राचार्य संगीता कुमारी द्वारा माल्यार्पण किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि अंचल अधिकारी स्मृति कुमारी ने दीन दुखियों की सेवा के साथ-साथ अपनी पहचान बनाने की बात कही। वहीं अपने जीवन लक्ष्य को केंद्रित कर भी पढ़ाई कर पूरे राज्य में अपनी पहचान बनाने की बात कही। विशिष्ट अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने भी संबोधित करते हुए कहा कि कुष्ठ रोगियों का जिस प्रकार संत मदर टेरेसा द्वारा किए गए सेवा भाव को अपने जीवन में आत्मसात कर एक कुशल नर्स बनने की भी प्रेरणा लेने की बात कही। वही संस्था के निदेशक डॉ प्रह्लाद मिश्रा ने संत मदर टेरेसा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन कृतियों को अपने जीवन पर उतारने की बात कही। वहीं प्राचार्य संगीता कुमारी ने अपने कार्यों के बल पर अपनी पहचान बनाने की छात्राओं को सलाह दी। क्योंकि प्रेम, करुणा तथा दया की मूर्ति मदर टेरेसा के जीवन चरित्र जो अपने जीवन पर उतारने के लिए अनुकरणीय है जैसी बातें कहीं। उक्त मौके पर समाजसेवी बिल्लू अग्रवाल, विकास कुमार कर्ण, एसएन ठाकुर, संस्थान ट्यूटर प्रभा सुरीन, कुमुदिनी कुमारी, बिनीता कुमारी, लीलावती साहू, मटिल्दा तिर्की सहित संस्थान के विभिन्न कर्मी तथा छात्राएं मौजूद थी।

### तेज बारिश और हल्का आंधी से घर पर गिरा पेड़

**धुरकी।** प्रखंड के पंचायत खाला में बुधवार की रात्रि में करिब 9 बजे बाद कहीं तेज आंधी के साथ बारिश हुई तो कहीं हल्की आंधी के साथ बारिश हुई। धुरकी प्रखंड में हल्की आंधी के साथ बारिश होने पर खाला पंचायत के दामर टोले में एक आम का बड़ा पेड़ अचानक ही एक घर पर गिर गया। जिससे घर के बाहर में लगे हैन्ड पम्प टुट गया। हालांकि किसी प्रकार की कोई जान माल की नुकसान नहीं हुआ। खाला गांव निवासी इसराफिल अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार की रात्रि में हल्की आंधी के साथ साथ बारिश होना शुरू हो गया। तभी अचानक मेरे घर के बाहरी में लगे आम के पेड़ मेरे घर पर गिर गया जिससे मेरे घर का सीटा टुट गया और घर के बाहरी में लगे हैड पम्प भी टुट गया।

## बसिया इंटर कॉलेज में शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की हुई बैठक, बोले महासचिव

# जांच के नाम पर कर्मियों का किया जा रहा भयादोहन

नवीन मेल संवाददाता



**बसिया।** बसिया इंटर कॉलेज के सभागार में आज महाविद्यालय के शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य केदारनाथ दास की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में शिक्षकों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि झारखंड राज्य वित्त रहित शिक्षक संयुक्त संघर्ष मोर्चा के महासचिव अरविंद सिंह ने कहा कि मोर्चा के तत्वावधान में आगामी पांच सितंबर को झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री के आवास के घेराव का कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम में शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां जांच के नाम पर इंटर कॉलेज कर्मियों का भयादोहन किया जा रहा है वहीं बीएड की अनिवार्यता का भय दिखाकर इन कॉलेजों में अवकाश की सीमा पर खड़े शिक्षकों के अस्तित्व पर ही सवाल उठाने का काम किया जा रहा है। इसे विभाग की साजिश करार देते हुए उन्होंने बताया कि झारखंड में अभी तक इंटर कॉलेजों को लेकर किसी तरह की नियमावली ही नहीं बनी है और जबतक झारखंड में तत्संबंधी नियमावली नहीं बनती है तबतक राज्य गठन के पूर्व बहाल किए गए शिक्षकों को बीएड के दायरे में लाना कतई न्याय संगत नहीं है। इसी तरह वरीय अधिकारियों के द्वारा पूर्व में ही इन कॉलेजों की जाँच कई बार की जा चुकी है और अब इस जाँच के विरुद्ध कनीय अधिकारियों के द्वारा जाँच कराने का फरमान जारी कर दिया गया है। इसी तरह भुखमरी के कगार पर खड़े इंटरकर्मियों को न्याय संगत अनुदान से भी वंचित रखा गया है।

ज्ञातव्य है कि इन तमाम मुद्दों को लेकर इंटरकर्मियों में आक्रोश है और उन्होंने मोर्चा के तले शिक्षक दिवस के अवसर पर आगामी पांच सितंबर को शिक्षा मंत्री के आवास के घेराव की घोषणा कर रखी है। आज आयोजित इस बैठक में मोर्चा के संकल्पों के अनुरूप घेराव कार्यक्रम में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने संबंधी निर्णय लिये जाने की सूचना है। आज आयोजित बैठक में प्रो०बसंती साहु, नरेश कुमार, लक्ष्मी नारायण गोराई, इंद्र देव भगत, शिवटहल साहु, देवीदयाल साहु, निरल अनुकरण होरो, इम्मा सरोजिनी केरकट्टा, नीलम कुमारी, गोपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों की उपस्थिति दर्ज की गई।

# नाबालिग बच्ची का अपहरण कर दिल्ली में बेचने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**बसिया।** बसिया की एक नाबालिग बच्ची के अपहरण और दिल्ली में लेकर बेच देने के आरोप में आज बसिया पुलिस ने एक व्यक्ति को दबोच कर जेल भेज दिया। इस मामले में पुलिस ने पहले ही भुक्तभोगी बच्ची को दिल्ली से मुक्त कराकर परिजनों के सुपुर्द भी करने का सराहनीय काम कर दिखाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मामला वर्ष 2015 का है जब बसिया थाना क्षेत्र के निनई गांव का संजय साहु उर्फ मंगल साहु ने अपने परिचय का लाभ उठाते हुए भुक्तभोगी बच्ची को काम दिलाने के बहाने बहला फुसला कर पहले अगवा कर लिया और उसे दिल्ली में कहीं ले जाकर बेच दिया। इस घटना से आहत बच्ची के परिजनों को लंबे समय तक इस घटना की जानकारी नहीं हो सकी और अपनी गरीबी व अज्ञानता के कारण उन्होंने इसे नियति का अभिशाप मानकर घर में चुपचाप आंसू बहाते रहे। संदर्भवश अगस्त के पहले सप्ताह में उन्हें इस बात की भनक लग गई कि यह माजरा नियति का नहीं बल्कि एक मानव तस्कर की नियत का है। मामला संज्ञान में आते ही परिजनों ने आहतु थाना, गुमला में इसकी शिकायत की। आहतु थाना ने गत 15 अगस्त को इसके उद्भेदन की जवाबदेही बसिया थाना को दी और महज दस बारह दिनों के अंतराल में एसआई प्रदीप रजक की अगुवाई में पुलिस दल ने न केवल बच्ची को उसके परिजनों तक सुरक्षित पहुंचाने का सराहनीय काम कर दिया बल्कि अभियुक्त संजय साहु को भादवि की धारा 364/370/34 व जेजेए की धारा 81 के तहत गिरफ्तार करते हुए आज जेल भी भेज दिया।

## न्यूज गैलरी

### अवैध आरा मिल के पार्ट व लड़की समेत कई सामानों को वन विभाग ने किया जब्त



**डोमचांच।** वन प्रमंडल पदाधिकारी कोडरमा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर वन प्रक्षेत्र अधिकारी डोमचांच रविंद्र कुमार के नेतृत्व में अमरेंद्र कुमार, इस्लाम अंसारी, अजीत कुमार, जयसवाल, प्रवीण कुमार, राजेश यादव, राजेश शर्मा वन रक्षियों का टीम बनाकर डोमचांच वन क्षेत्र के ग्राम मसमोहना के तुरिया टोला में छापेमारी की गयी। वहां अवैध आरा मिल का संचालन किया जा रहा था जिसे शुक्रवार को ध्वस्त करते हुए आरा मिल का पार्ट का जनरेटर, शीशम का वोटा दो पीस, सिमर का वोटा दो पीस, अकाशिया 8 पीस, सिमर पटरा 10 पीस यदि सभी आरा मिल सामानों को जप्त किया गया। वहीं रविंद्र कुमार ने बताया कि इसका संचालन मसमोहना निवासी किशुन देव यादव पिता स्व एतवारी यादव द्वारा किया जा रहा था जिस पर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### कुंटू बाबू ने सिकनी और कुरूम में 200 केवीए का ट्रांसफार्मर करवाया उपलब्ध



**रामगढ़।** जिले के सिकनी और कुरूम में ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण वहां के निवासियों को काफी परेशानी हो रही थी। लोगों ने भाजपा रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू से मिलकर अपनी समस्या उनके समक्ष रखा। लोगों की परेशानी को समझते हुए कुंटू बाबू ने दोनो गांव के लोगों को 200 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। दोनो गांव के ट्रांसफार्मर का विधिवत उदघाटन शुक्रवार को कुंटू बाबू ने फ ीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की मदद के लिए वे हमेशा उपलब्ध हैं। कहा कि लोगों को जो भी समस्या हो उनसे मिलकर बताएं, वे उनकी परेशानी दूर करने का प्रयास करेंगे। मौके पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### चापानल को अतिक्रमण से मुक्त करने की मांग

**मरकच्चो।** प्रखंड के अंतर्गत पंचायत नावाडीह के ग्राम बक्सपुरा में एक ग्रामीण के द्वारा सरकारी चापानल को जबरन चार दीवारी के अंदर कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। वही बक्सपुरा निवासी सुरेंद्र यादव तथा ग्रामीण अमित यादव, सोनी देवी, महाबीर पंडित, अर्जुन यादव समेत लगभग दर्जनों ग्रामीणो ने संयुक्त रूप से कोडरमा उपायुक्त आदित्य रंजन, एसडीएम मनीष कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग कोडरमा एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी पप्पू रज्जक मरकच्चो को 23 अगस्त लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। दिए आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि बक्सपुरा निवासी बिनोद यादव पिता बासुदेव यादव के द्वारा सरकारी चापानल को जबरन चारदीवारी कर अपने कब्जे में कर लिया है तथा उसमे अपने घरेलू उपयोग के लिए जेड पम्प लगा लिया है। घरेलू उपयोग के साथ साथ खेती कार्य भी करता है। उक्त चापानल से ग्रामीणों को ना ही पानी पीने दिया जाता है ना ही बाउंडरी वाल हटाया जा रहा है। ग्रामीणों ने जांच पड़ताल कर चापानल को मुक्त करने की गुहार लगायी है।

### अवैध महुआ शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान चला

**मरकच्चो।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार को मरकच्चो थाना पुलिस एवं उत्पाद विभाग द्वारा अवैध महुआ शराब के विरुद्ध विभिन्न होटलो मे छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान मे राजेश यादव पिता मुंशी यादव साकिन मरकच्चो, अर्जुन पासवान पिता बाबुलाल पासवान साकिन बेको अम्बाडीह एवं नीलकंठ प्रसाद वर्मा पिता नारायण महतो साकिन मरकच्चो सभी के थाना मरकच्चो को गिरफ्तार किया गया। इन तीनो के पास से कुल 30 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वही आवश्यक करवाई हेतु उत्पाद विभाग को सौंपा दिया गया।

### बरकट्ठा में दो दिव्यांग बहनों को मिला ट्राई साइकिल



**बरकट्ठा।** शिलाडीह पंचायत अंतर्गत लगनवॉ ग्राम के झंडवाटॉड़ टोला के एक ही घर के दो युवती दिव्यांग थी। इसकी जानकारी पंसस प्रतिनिधि समीम अंसारी को हुई। समीम ने इसकी जानकारी अंचल कार्यालय को दी जिसके बाद सीडीपीओ नीलू रानी, पंसस प्रतिनिधि समीम अंसारी, बासुदेव मरांडी, सेविका अंजलि पांडेय, समाजसेवी कुलदीप पांडेय व राजेंद्र प्रसाद की मौजूदगी में शांति कुमारी, मंयू कुमारी को ट्राई साइकिल दी गई। विदित हो कि दोनों बच्चियां तालों मांझी की पुत्री हैं। ट्राई साइकिल मिलने से परिजनों में काफी हर्ष हैं। मौके पर पंसस प्रतिनिधि समीम अंसारी ने कहा की क्षेत्र की लोंगो को लाभ पहुँचना मेरी प्राथमिकता है।

### संच मासिक अभ्यास वर्ग हुआ संपन्न

**सतगावां।** एकल अभियान द्वारा चलाए जा रहे संच खुट्टा एवं सतगावां के विद्यालयों का आचार्यों का संच मासिक अभ्यास वर्ग हुआ सपन्न इस बैठक में अंचल अभियान प्रमुख विनोद कुमार, अंचल कार्यालय प्रमुख दीपक कुमार, अंचल प्रशिक्षण प्रमुख विवेकानंद पाण्डेय, खुट्टा संच समिति अध्यक्ष दीपेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष बब्लू वर्णवाल, कोषाध्यक्ष उज्जवल कुमार, युवा अध्यक्ष रोशन यादव, सतगावां संच अध्यक्ष बब्लू सिंह, उपाध्यक्ष विकाश कुमार,कोषाध्यक्ष वरुण कुमार, खुट्टा संच प्रमुख पवन कुमार, सतगावां संच प्रमुख प्रीति कुमारी साथ ही साथ सतगावां एवं खुट्टा के सभी आचार्य उपस्थित थे।

# खनन विभाग की छापेमारी में आठ अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय एवं जिला खनन पदाधिकारी के निर्देश पर खान निरीक्षक सुनिल कुमार द्वारा जिला पुलिस बल के साथ चौपारण थानान्तर्गत चोरदाहा चेकपोस्ट पर कोयला लदे वाहनों की औचक जांच गत रात्रि मे किया गया। औचक निरीक्षण के क्रम में आठ अवैध कोयला लदे ट्रकों को जब्त किया गया। इन वाहनों में 07 ट्रकों पर लदा कोयला पुर्णतः अवैध होने के कारण चौपारण थाना में प्राथमिकी दर्ज कारवाई गई। इस क्रम मे खान निरीक्षक सुनिल कुमार द्वारा सात अवैध कोयला कारोबारी/ चालक को गिरफ़्तार कर चौपारण पुलिस को सौंप दिया गया। वहीं एक ट्रक के कागजातों की जांच कार्यालय स्तर से की जा रही है। खान निरीक्षक ने विस्तृत जानकारी देते हुए




बताया कि इनमें से कुछ कोयला कारोबारी द्वारा राज्य सरकार के स्वामित्व की कंपनी जेएसएमडीसी एवं कोयला मंत्रालय द्वारा लघु एवं सुक्ष्म उद्योग के नाम पर सस्ते दर पर कोयला लेकर अपने प्लॉटों मे उपयोग करने के स्थान पर ऊंचे दरों मे कालाबाजारी करते हुए बिहार एवं उत्तर प्रदेश के मंडियों मे भेजा जा रहा था। ऐसे सभी कंपनियों को चिन्हित कर कार्यवाई करने तथा कोल लिंकेज को रद्द करने हेतु जेएसएमडीसी को भी पत्राचार की कार्यवाई की जाएगी। उन्होंने बताया की अवैध कोयला कारोबारियों द्वारा जीएसटी के माध्यम खनन राजस्व की क्षति पहुंचाते हुए अवैध कोयला कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है जिसपर गहन जांच हेतु संबंधित विभाग से भी पत्राचार किया जाएगा। पुलिस ने जिन्हें गिरफ्तार किया है उनकी पहचान प्रवीण कुमार, हरेराम सिंह, शहीद अहमद उर्फ सईद अहमद, नसीम खान, रमेश सिंह उर्फ गणेश सिंह, पप्पु कुमार यादव एवं आशीष यादव के रूप में की गयी है।

**जब्त वाहनों का विवरण :** जेएच02एएन4750:- 25.090 कोयला, जेएच10बीपी-5136:-29.8 कोयला, यूपी27एटी-1793:- 29.2 कोयला, बीई29जीए-4808:- 25.01 कोयला, जेएच10बीके-7203:- 31.24 कोयला, जेएच02यू-9671:- 24.75 कोयला, जेएच02एसी-6894:- 24.99 कोयला, जेएच10एबी-6485:- 25 टन कोयला

## सेक्रेड हार्ट स्कूल विद्यालय प्रबंधन समिति की हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक 26 अगस्त को विद्यालय के मीटिंग हॉल में हुई। इसकी अध्यक्षता आरिफ अंसारी और संचालन प्राचार्य नवीन कुमार ने किया। बैठक के पूर्व निदेशक प्रमोद कुमार और छात्र प्रतिनिधियों में शिवम राज, रिया कुमारी ने विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों का स्वागत किया। बैठक में पिछले एजेंडा को पारित किया गया और भावी योजनाओं में वर्ग 1 से 8 तक एस ए 1 की परीक्षा और वर्ग नवम दशम के लिए पीटी 2 की परीक्षा को कदाचार मुक्त कराने, विद्यालय के वर्ग नवम-दशम के छात्रों को मनाली ट्रिप पर भेजने, शिक्षक दिवस के पूर्व 4 सितंबर को शिक्षकों को राजगीर, नालंदा, पावापुरी ट्रिप पर भेजने और 5 सितंबर को विद्यालय परिसर में कवि सम्मेलन आयोजित करने जैसी योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान विद्यालय के



द्वारा छात्रों के हित में संचालित कार्यक्रमों को पदाधिकारियों और सदस्यों ने सराहा और ऐसे कार्यक्रमों को लगातार जारी रखने का सुझाव दिया। बैठक में विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, प्राचार्य सह सचिव नवीन कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य आरिफ अंसारी, राजकुमार बोहरा, सुरेंद्र मिस्त्री, मोहम्मद फखरुद्दीन अली, शिक्षक प्रतिनिधि में प्रवीण कुमार, शुभय कुमार, छात्र प्रतिनिधि में शिवम कुमार, रिया कुमारी के अलावा स्वीटी सिन्हा, रंजीता कुमारी, रामचंद्र यादव, उमंग दारूका के अलावा अन्य लोग मौजूद थे। प्राचार्य सह विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव नवीन कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज का अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के कपका स्थिति सीबीएसई से मान्यता प्राप्त विद्यालय पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज के प्रांगण में प्री नर्सरी से दसवीं तक के बच्चों का अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम जारी किया गया। मौके पर अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अभिभावकों ने अपने बच्चों के द्वारा प्राप्त अंक का गहन विश्लेषण करते हुए अपनी सहमति जताई साथ ही बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए बेहतर तरीकों के माध्यम से पठन-पाठन का समायोजन करने की बात कही। मौके पर विद्यालय के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने कहा कि विद्यालय बेहतर शिक्षा के लिए कृत संकल्प है। दसवीं कक्षा से होरिल रविदास, कक्षा नवम से रतन कुमार, कक्षा आठवीं से चंदन कुमार कक्षा सातवीं से परमानंद




प्रसाद ,कक्षा छठवीं से चंदन कुमार, कक्षा पांचवी से सूरज राणा, कक्षा चतुर्थ से सूरज कुमार ,कक्षा 3 से शिवम कुमार राज, कक्षा 2 से आनंद कुमार, कक्षा 1 से सत्यम कुमार राज, कक्षा यूकेजी से दीपिका कुमारी, कक्षा एलकेजी से शाहनवाज अंसारी, कक्षा नर्सरी से सोनू कुमार तथा प्री नर्सरी से रोशन कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने परीक्षा परिणाम से संतुष्ट होते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## वर्षों से जर्जर पड़े सड़क की मरम्मत के लिए ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** शुक्रवार को सदर प्रखंड के पौता पंचायत के ग्रामीणों ने वर्षों से जर्जर पड़े सड़क की मरम्मती के लिए तंग आकर झामुमो नेत्री रुचि कुजुर के नेतृत्व में उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने पहुंचे। उपायुक्त हजारीबाग के अनुपस्थिति में उनके प्रतिनियुक्ति प्रभारी कार्यपालक दंडाधिकारी सह सामाजिक सुरक्षा कोषांग प्रभारी नियाज अहमद को कमिटी ने सड़क निर्माण हेतु ज्ञापन सौंपा। कार्यपालक पदाधिकारी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस पर उचित कार्यवाही किया जाएगा साथ में उपायुक्त महोदया को संज्ञान में भी दिया जाएगा।

रुचि कुजुर ने बताया कि मरहेता



चौक से मरहेता बस्ती, पौता होते हुए, तुराव बस्ती होते हुए मोरंगी फोर लेन में निकलती है, विगत दस-बारह वर्ष से यह सड़क जर्जर हालत में है।

इस मार्ग से सैकड़ों ग्रामीण जिला मुख्यालय और फोर लेन जाते हैं। रात में और बारिश में ग्रामीण दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। छोटे बच्चे विद्यालय जाते समय सड़क किनारे गिर कर जख्मी हो जाते हैं, प्रसूति के लिए महिला को अस्पताल जाने के क्रम में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। जहाँ बगल के फोर लेन का आवागमन सुगम है वहीं सटे हुए ग्रामीण सड़क बिल्कुल जर्जर है। पौता मुखिया रीना देवी के नेतृत्व में पूरी कमिटी मांग करती है कि इस रोड को जल्द से जल्द बनवाया जाए अन्यथा बाध्य हो कर आंदोलन का रुख करना पड़ेगा।

इस दौरान रीना देवी मुखिया पौता पंचायत, ललिता देवी उप मुखिया पौता पंचायत, वार्ड सदस्य अनीता देवी, सुनीता देवी, नीलम देवी, अहमद रजा, अमिशा परवीन, प्रकाश कुमार यादव, गीतांजलि कुमारी, हकीमा खातून, दिलीप साथ में लीलधारी राम पूर्व मुखिया, संजय पांडेय, परमेश्वर यादव, अजीज अंसारी, तौफीक अंसारी, मीर हमन्जा अंसारी मौजूद रहें।

### वित्तीय साक्षरता अभियान के तहत प्रशिक्षण शिविर आयोजित

## शिविर में मौजूद ग्रामीणों को विभिन्न वित्तीय घटकों की जानकारी से अवगत कराया : अरविंद एक्का




**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** वित्तीय साक्षारता अभियान के तहत 26 अगस्त को कटकमदाग प्रखंड के पसई पंचायत भवन में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों एवं ग्रामीणों के बीच प्रशिक्षण-सह-जानकारी शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, रांची के सहायक महाप्रबंधक अरविंद एक्का मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री एक्का ने शिविर में मौजूद ग्रामीणों को विभिन्न वित्तीय घटकों की जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने ग्रामीणों को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की विभिन्न योजनाओं, बैंकिंग लोकपाल आदि पर विशेष चर्चा करते हुए विष्यांगत बारिकीयों से लोगों को अवगत कराया। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबन्धक सुधाकर पाण्डेय ने भारत सरकार की विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं यथा पीएमईजीपी, मुद्रा, पीएम-स्वनिधि एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से प्रतिभागियों को अवगत कराया। साथ ही एफएलसी नागेश्वर राणा ने विस्तृत रूप से विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी साझा किया। वहीं जेएसएलपीएस की एफआई अधिकारी श्रुति प्रिया ने मौजूद महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ बैंको से लेने हेतु प्रेरित किया एवं विभिन्न सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं- एपीवाई, पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई से सबों को जुडने एवं जोड़ने हेतु प्रेरित किया। वहीं जेएसएलपीएस के बीपीएम राज कुमार सभी महिलाओं को इन योजनाओं से जुड़ने हेतु कैंप मोड में काम करने की बात कही। मौके पर उपस्थित प्रतिभागियों ने पूरी तत्परता से परस्पर भाग लिया। प्रतिभागियों द्वारा कई प्रश्न पूछे गए। उनकी जिज्ञासा का समुचित समाधान रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, रांची के सहायक महाप्रबंधक एवं अग्रणी जिला प्रबन्धक द्वारा किया गया। नागेश्वर राणा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ शिविर की समाप्ति की घोषणा की गई।

## राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए रामगढ़ जिला हॉकी टीम सिमडेगा के लिए रवाना




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के होटल स्पाइस गार्डेन में भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा ने शुक्रवार को समारोह का आयोजन कर रामगढ़ जिला हॉकी टीम को राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए सिमडेगा के लिए रवाना किया। मौके पर मुख्य रूप से रामगढ़ जिला हॉकी टीम की चेयरमैन उर्मिला सिंह मौजूद थीं। हॉकी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए उर्मिला सिंह ने कहा कि हम लोग जर्सी दे रहे हैं लेकिन आप लोग अच्छे खेल का प्रदर्शन कर ट्रॉफी लाकर रामगढ़ के नाम को रोशन कीजिए। जबकि भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के अध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि हॉकी राष्ट्रीय खेल है और झारखंड से लगातार यहां की बेटियां हॉकी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। इसीलिए इस खेल को बढ़ावा देने के लिए भारत विकास परिषद संकल्पित है। मौके पर मुख्य रूप से शशि पांडे, भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के सचिव डॉक्टर आलोक रत्न चौधरी, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, अनिल गोयल, रामगढ़ जिला हॉकी टीम के कैप्टन नागेश्वर कुमार, टीम मैनेजर चंदन साहनी, विनय रंजन, प्रवीण कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## चौपारण में दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए शिविर 23 सितंबर को

**चौपारण।** चौपारण प्रखंड मुख्यालय परिसर में 23 सितंबर को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने के लिए एक दिवसीय शिविर लगाया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीपीएम जागेश्वर शर्मा ने बताया कि जिला उपायुक्त के आदेशानुसार शिविर में 6 से 18 आयु वर्ग के दिव्यांगों का प्रमाण पत्र बनाया जाएगा। इस शिविर में जिला प्रशासन की ओर से चिकित्सा दल का गठन किया गया है। इसमें मनोचिकित्सक डॉ रूपा घोष व शहनवाज जफर, ईएनटी डॉ. दीपक कुमार, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मयंक प्रताप व डॉ. संजीव हेम्ब्रम, नेत्र सर्जन डॉ. उमेश प्रसाद, ऑडियोलॉजिस्ट डॉ. रवि कुमार, लिपिक दानिएल बारला का नाम शामिल है। इसके अलावा कंप्यूटर ऑपरेटर प्रखंड से रहेंगे। दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लाभुकों को शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र आवदेन के साथ आधार कार्ड की छाया प्रति, आवासीय प्रमाण पत्र की छाया प्रति और प्रभावित अंग का पूरा दो फोटो लाना अनिवार्य है।

# पल्स पोलियो अभियान व राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** पल्स पोलियो अभियान सितंबर 2022 एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय के ब्लॉक बी स्थित सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान डब्ल्यूएचओ के डॉ अमोल शिंदे एवं डॉ अमरेंद्र द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को पल्स पोलियो अभियान फरवरी 2022 के तहत हुए कार्यों की जानकारी दी गई। जिसके उपरांत उन्होंने पल्स पोलियो अभियान सितंबर 2022 के सफल आयोजन हेतु तैयार कार्य योजना की विस्तार से सभी जानकारी को दी। मौके पर उनके द्वारा बताया गया कि विगत कुछ समय में दुनिया भर के कुछ देशों में पोलियो के नए मामले सामने आए हैं। जिनमें भारत के कुछ पड़ोसी देश भी शामिल है।



जिसके उपरांत हमें और सतर्क रहकर प्रत्येक 5 साल से कम बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाते हुए भारत को पोलियो मुक्त रखना है। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को पल्स पोलियो अभियान सितंबर 2022 के तहत उनके उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया। उन्होंने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करते हुए पल्स पोलियो अभियान सितंबर 2022 के सफल आयोजन का निर्देश दिया। बैठक के दौरान डीपीएम एनएचएम देवेंद्र भूषण श्रीवास्तव द्वारा उप विकास आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के तहत इस वर्ष अक्टूबर महीने में 17 एवं 20 अक्टूबर को 19 वर्ष तक के बच्चों व युवाओं को कृमि मुक्ति हेतु दवाइयां खिलाई जानी है। जो बच्चे 17 अक्टूबर को दवाइयां नहीं खा पाएंगे उनके लिए 20 अक्टूबर को मॉप अप राउंड चलाया जाएगा एवं उन्हें दवाइयां खिलाई जाएंगी। इस संबंध में बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से सभी बच्चों को कृमि मुक्ति हेतु दवाइयां उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में छावनी परिषद अधिशासी अधिकारी, सिविल सर्जन, डीआरसीएचओ, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों, बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## चिकित्सकों का नया ड्यूटी रोस्टर से मरीज हो रहे परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार के द्वारा सदर अस्पताल के चिकित्सकों के लिये नया ड्यूटी रोस्टर तैयार किया गया है। रोस्टर में एक चिकित्सक के दो जगह ड्यूटी मिलने से यहां आने वाले मरीजो जो परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सदर अस्पताल के नए ड्यूटी रोस्टर के अनुसार चिकित्सकों को मंडल कारा कोडरमा, एसएनसीयू, एमरजेंसी वार्ड और ओपीडी में ड्यूटी करनी पड़ रही है। यही कारण है कि कुछ चिकित्सकों को एक ही समय दो जगह ड्यूटी मिलने से यहां आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना रहा है। इसी कड़ी में एमरजेंसी वार्ड में कुछ मरीज उस वक़्त हो हल्ला करने लगे जब दो घण्टे तक चिकित्सक नहीं आए। इस दौरान फूड पॉइजनिंग के कुछ मरीज आये हुये थे, जिसे स्वास्थ्य कर्मी अपने स्तर से उपचार करते दिखे। जबकि एमरजेंसी वार्ड में 24 घंटे चिकित्सक का रहना अतिआवश्यक



है। जब पड़ताल किया गया तो एक स्वास्थ्य कर्मी ने बताया कि डॉ. मणिकांत कुमार की ड्यूटी एक ही समय मे एसएनसीयू और एमरजेंसी वार्ड दोनों जगह लगाई गई है। यही वजह है कि डॉ मणिकांत कुमार एसएनसीयू में ड्यूटी कर रहे हैं। ऐसे में विभिन्न क्षेत्रों से आये मरीजों को काफी परेशानी हुई है। ज्ञात हो कि कुछ चिकित्सकों का स्थानांतरण दूसरे जिला हो गया और दो चिकित्सक के कॉन्ट्रैक्ट पूरा होने के बाद वे लौटे नहीं हैं। यही वजह है कि चिकित्सकों की कमी के कारण भी यह परेशानी हो रही है। साथ ही इन दिनों नए ड्यूटी रोस्टर में चिकित्सकों को एसएनसीयू में भी ड्यूटी लगाई गई है।

# राजद के अवध बिहारी चौधरी बने विस अध्यक्ष, सभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**पटना (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता अवध बिहारी चौधरी के बिहार विधानसभा का नया अध्यक्ष चुने जाने के बाद शुक्रवार को सभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। बिहार विधानसभा के विशेष सत्र में शुक्रवार को उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने श्री अवध बिहारी चौधरी के सर्वसम्मति से सभा अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने श्री चौधरी को सभा अध्यक्ष के आसन पर बैठाया। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने श्री चौधरी के सर्वसम्मति से सभा अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देते हुए कहा कि श्री चौधरी का विधायक और मंत्री के रूप में एक लंबा अनुभव रहा है इसका लाभ सदन को मिलेगा। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि वह सभा अध्यक्ष के तौर पर पक्ष और विपक्ष की बातों को सुनेंगे, यह परंपरा भी रही है। श्री कुमार ने कहा कि जब पक्ष-विपक्ष ने, सब ने सर्वसम्मति से श्री चौधरी को अध्यक्ष चुना है तो सबसे अपेक्षा है कि वह उन्हें सम्मान देंगे और सदन को चलाने में सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि



सभी के विचार अलग-अलग हो सकते हैं लेकिन सबका लक्ष्य राज्य का विकास है। सभी मिलकर राज्य के विकास के लिए काम करें। इसके लिए सदन का चलना जरूरी है। नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने श्री चौधरी को बधाई देते हुए कहा, आप देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की धरती सीवान से आते हैं। आप बहुत सारे अनुभव को लेकर आए हैं। सांस्कृतिक विरासत जो ठहर गई उसको भी बढ़ाने में आपकी महती भूमिका होगी । बिहार की 13 करोड़ जनता आशा भरी निगाह से आप की ओर देख रही है। उन्होंने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने बिहार की गरिमा को देश के सर्वोच्च शिखर पर पहुंचाया था। उसके बाद बिहार के पहले मुख्यमंत्री श्री बाबू और राजेंद्र बाबू की जोड़ी ने बिहार की सांस्कृति और विरासत को ही नहीं बल्कि बिहार के विकास को भी गति देने की कोशिश की। उन्होंने सामाजिक सद्भाव को बढ़ाया था। इस देश की धरती पर जो भी जन्म लिया चाहे वह किसी जाति या धर्म से हो उसके साथ भेदभाव नहीं किया। श्री सिन्हा ने आगे कहा, आज हमसे व्यक्तिगत नाराजगी हो सकती है, हमारा चेहरा पसंद नहीं हो सकता, हमारे समाज को लोग स्वीकार नहीं कर सकते हैं, लेकिन बिहार की धरती पर जो भी जन्म लिया है उसका सम्मान बढ़ाने तथा विधायकों के भी मान सम्मान बढ़ाने की जिम्मेवारी आसन की है। उन्होंने कहा कि आप पर सभी ने विश्वास किया है। यह आसन किसी दल का नहीं होता है यह आसन किसी पार्टी से बंधकर नहीं रहता है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जब वह सभा अध्यक्ष के आसन पर थे तब उन्होंने प्रयास किया कि आसन की पवित्रता बरकरार रहे । यह आसन निष्पक्ष भाव से काम करता रहे। हमारा विधानसभा उत्कृष्ट विधानसभा और विधायक उत्कृष्ट विधायक के तौर पर जाने जाएं।

उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उन्होंने उत्कृष्ट विधानसभा और उत्कृष्ट विधायक का जो श्रीगणेश किया है उसे आप आगे बढ़ाएंगे। श्री सिन्हा ने जैसे ही कहा कि विधायिका की गरिमा गिरी है। प्रशासनिक अराजकता के कारण विधायकों का सम्मान घटता है और कई विधायक इसकी शिकायत उनसे करते थे। इस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने कड़ी आपत्ति जताई और शोरगुल का हंगामा शुरू कर दिया। शोरगुल के बीच ही श्री सिन्हा ने कहा कि आप जिस आसन पर बैठे हैं उसका बड़ा महत्व है लेकिन इस आसन का भी अपमान किया गया है। बुधवार को कार्यसूची परिवर्तन किया गया। सभाध्यक्ष के आदेश को सरकार के दबाव में निरस्त किया, यह आसन का अपमान है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वह चाहते हैं कि इस आसन की गरिमा बढ़े और विधायकों को सम्मान मिले। हमें गर्व है कि मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं। विशेष समिति में भ्रष्टाचार का आरोप लगा है उसका प्रतिवेदन सदन में उपस्थापित होना चाहिए। श्री चौधरी ने कहा कि आज की कार्यसूची के अनुसार सदन में सभा अध्यक्ष का चुनाव और धन्यवाद ज्ञापन विषय ही लिया जाना है इसलिए तय विषय से हटकर कोई भी बात सदन में नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह आसन कभी प्रभावित होने वाला नहीं है और यह सदन नियमों के तहत ही चलेगा। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने श्री चौधरी को सर्वसम्मति से सभा अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देते हुए कहा कि सदन नियमानुकूल चले इसमें सत्ता पक्ष की ओर से उन्हें पूरा सहयोग मिलेगा।

उनकी विपक्ष के लोगों से भी यही उम्मीद है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष बनने पर श्री विजय कुमार सिन्हा को भी बधाई दी और कहा ,₹आप अध्यक्ष थे और आसन पर बैठकर हमलोगों को ज्ञान दिया करते थे। अब आप विपक्ष के नेता हैं तो पूरी उम्मीद करते हैं कि आप उस ज्ञान का अपने ऊपर भी अमल करेंगे और अपनी पार्टी के विधायकों से भी उस पर अमल करवाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ए टू जेड के लिए काम करती है। नई सरकार में ऊपर से नीचे तक बिना भेदभाव के सबकी समस्याओं का निदान हमलोग मिलजुल कर करेंगे।

इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, विधानसभा के उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी, कांग्रेस के अजीत शर्मा, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) के महबूब आलम, माकपा के अजय कुमार, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राम रतन सिंह, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के जीतनराम मांझी, एआईएमआईएम के अख्तरुल इमान ने भी नए सभा अध्यक्ष श्री चौधरी को बधाई दी। सभाध्यक्ष श्री चौधरी ने भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव समेत सभी दलों के नेताओं और विधायकों का आभार व्यक्त किया। इसके बाद उन्होंने सभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित किए जाने की घोषणा की।

# अंतर जिला लुटेरा गिरोह के तीन सदस्य लोडेड आर्म्स सहित कई सामान के साथ गिरफ्तार



**मुजफ्फरपुर (एजेंसी)।** जिले की पुलिस ने गस्ती के दौरान तीन संदिग्ध अपराधियों को हथियार एवं अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किया है । यह अपराधी वैशाली और मुजफ़्फ़रपुर जिले में कई लूट की योजनाओं को अंजाम दे रहे थे। दरअसल पूरे मामले में डीएसपी ने बताया कि जिले के मनियारी और सकरा थाना क्षेत्र में कुछ अपराधी लगातार लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। राहगीरों के साथ लूटपाट करते थे उनकी बाइक और मोबाइल फोन और बैग को लूट लेते थे लगातार बढ़ते मामलों को देखते हुए एसएसपी के निर्देश पर टीम बनाई गई। जिसके बाद टीम ने सूचना का संकलन करते हुए एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मनियारी थाना क्षेत्र के भुजंगी चौक के पास से तीन संदिग्ध अपराधियों को धर दबोचा जिनके पास से एक मोटरसाइकिल चार मोबाइल फोन दो देशी कट्टा जिंदा कारतूस और एक राहगीर से लूटी गई एयर बैग बरामद हुआ है। इन सभी का अपराधिक इतिहास भी है यह सभी वैशाली और मुजफ्फरपुर जिले में कई कांड को अंजाम दे चुके है और करीब आधादर्जन से अधिक मामले वैशाली और मुजफ़्फ़रपुर में इन सभी पर दर्ज है।

## साठी में लोडेड कट्टा के साथ दो अपराधी गिरफ्तार



**बगहा (एजेंसी)।** पश्चिम चम्पारण की साठी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नमी चौक पर छापेमारी कर अपराध की योजना बना रहे दो अपराधियों को एक कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी अपने अन्य सहयोगियों के साथ किसी बड़े आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि पुलिस कप्तान उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देश पर टीम गठित कर कार्रवाई का अंजाम दिया गया। अपराधी किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहे थे। तभी सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पुलिस बलों के साथ रवाना हो गए। पुलिस ने खदेड़ते हुए दोनों अपराधी को गिरफ्तार किया। दोनों अपराधियों की तलाशी ली गयी, जहाँ दिलीप कुमार और पवन कुमार के पास से लोडेड कट्टा की बरामदगी हुई। वहीं दो मोबाइल और एक अपाची बाइक का बरामद किया गया साथ ही इसके पास विभिन्न बैंकों के दस एटीएम कार्ड भी बरामद किया गया है। पुलिस ने दोनों अपराधियो से सघन पूछताछ के न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। साठी थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया की गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो युवकों के साथ देशी लोडेड कट्टा, विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड के साथ चोरी के बाइक को पुलिस ने बरामद किया है आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

## बगहा के नदी घाटी थाना में 376 पीस शराब के साथ दो महिला कारोबारी समेत चालक गिरफ्तार

**बगहा (एजेंसी)।** बगहा पुलिस जिला में शराब धंधेबाजों बहुत ही बडी उपलब्धि हासिल हुई है। वाहन जांच के क्रम में नैनाहा पुलिस चेक पोस्ट पर 376 पीस अंग्रेजी एटपीएम शराब के साथ दो महिला धंधेबाजों समेत चालक को गिरफ्तार किया गया है। नदी थानाध्यक्ष प्रभात समीर ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश से बोलेरो गाडी से शराब की एक बडी खेप रतवल के तरफ निकलने वाली है। उन्होंने बताया कि सूचना के आलोक में जमादार अच्युतानंद सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ वाहन जांच अभियान शुरू कर दी गई। बोलेरो गाडी की तलाशी के दौरान 376 पीस एटपीएम शराब बरामद करते हुए दोनों महिला धंधेबाजों के साथ ही चालक को गिरफ्तार करने के साथ बोलेरो को जब्त की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद शराब लगभग 67 लीटर है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज महिला भैरोगंज थाना क्षेत्र के भैरोगंज गांव के सुनीता देवी, छोटी कुमारी व चालक सोनु कुमार गुप्ता है। तीनों रिश्ते में मां भाई और बहन है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीनों धंधेबाजों को न्यायिक हिरासत में बगहा शुक्रवार को भेजा गया है।

## प्लास्टिक के बोरे से विदेशी शराब जब्त

**बेतिया (एजेंसी)।** जिला के मझौलिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अहवर शेख वार्ड 3 से बाइक पर लदे दो कार्टन तथा प्लास्टिक के बोरे में रखे 135 अदद 8 पीएम का फ्रूटी बाइक समेत बरामद किया। इस सिलसिले में पुलिस ने एक कारोबारी रामबाबू यादव को गिरफ्तार किया जबकि बाइक सवार उसके दो कारोबारी साथी भागने में सफल रहे। जानकारी प्रभारी एसएचओ अशोक कुमार साह ने दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी थाना क्षेत्र में बाइक से विदेशी शराब की आपूर्ति करता था। इसकी निशानदेही पर इसके साथियो और अन्य कारोबारियों को चिन्हित करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि काले रंग का जब्त सुपर स्पेलेंडर बाइक का कोई स्वामित्व पेपर नही प्रस्तुत किया गया है मामले को लेकर कांड अंकित कर कारोबारी को शुक्रवार के दिन जेल भेजा गया। थानाध्यक्ष के मुताबिक दो कार्टून जब्त किया गया। एक कार्टून में 48 अदद 180 एमएल का तथा दूसरे कार्टून में भी 48 अदद 8 पीएम और प्लास्टिक के बोरे में 39 अदद फ्रूटी बरामद किया गया। बड़ी बारीकी से कारोबारी डिक्की और कैरियर पर बांध रखे रहे।

# नित्यानन्द राय दो दिवसीय दौरे पर आज पहुंचेंगे अररिया

**अररिया (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं भारत सरकार के गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय दो दिवसीय दौरे पर आज अररिया पहुंचेंगे। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानन्द राय 27 और 28 अगस्त को अररिया के प्रवास पर रहेंगे। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री भाजपा के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता के साथ बैठक, संगठन की मजबूती की समीक्षा के साथ आमजनों से रूबरू होंगे। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है और भाजपा संगठन सहित आम कार्यकर्ता तैयारी में जुट गये हैं। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानन्द राय के दौरे की सफलता को लेकर अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह के जनसंपर्क कार्यालय में सांसद प्रदीप कुमार सिंह और जिलाध्यक्ष संतोष सुराना जी की मौजूदगी में बैठक हुई,जिसमे कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु योजना और रणनीति तय की गई। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानन्द राय के कार्यक्रम



को लेकर नवीन यादव ,सुधीर भगत, प्रताप नारायण मंडल, पप्पू झा शुभम चौधरी, राकेश विश्वास, राजन तिवारी, राहुल झा, दीपक मंडल को विभिन्न कार्यक्रम का प्रभारी बनाया गया। सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा आमलोगों की पार्टी है और जिस तरह से बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनादेश का अपमान कर महागठबंधन के साथ सरकार बना लिए हैं। इससे आम जनता व्यथित है और सत्ता पलटने के साथ बढ़ी आपराधिक वारदातों के कारण आमजन मर्माहत हैं। उन्होंने बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी प्रसाद के केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानन्द राय के ललकारने के मसले पर कहा कि चोर बोले जोर से कहावत को बिहार के उपमुख्यमंत्री चरितार्थ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तेजस्वी प्रसाद और उनके माता-पिता के शासनकाल और सम्पत्ति सृजन काली गाथा को बिहार का बच्चा-बच्चा जनता है और बौखलाहट में तेजस्वी अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं।

## बुनकर नेता अलीम अंसारी ने दो लाख बुनकरों को रोजगार देने का डिप्टी सीएम को दिया सुझाव

**अररिया (एजेंसी)।** बिहार राज्य बुनकर कल्याण समिति के पूर्व सदस्य अलीम अंसारी ने बिहार सरकार के डिप्टी सीएम तेजस्वी प्रसाद को एक मांग पत्र सौंपा कर हथकरघा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए दो लाख रोजगार सृजन का सुझाव दिया। सौंपे गये मांग पत्र में बुनकर कल्याण समिति के पूर्व सदस्य अलीम अंसारी ने कहा कि दस लाख बिहार में बेरोजगारों को रोजगार देने के वादे के तहत उद्योग विभाग के हथकरघा एवं खादी उद्योग में दो लाख लोगों को रोजगार सृजित कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि हॉस्पिटल,जेल, सरकारी कार्यालय में इस्तेमाल किये जाने वाले कपड़े बिहार के बुनकरों द्वारा निर्मित के उपयोग,पोशाक योजना तथा स्कूल एवं कॉलेज के शिक्षकों के बिहार के बने हुए कपड़ों के इस्तेमाल, बिहार पुलिस



की वर्दी का कपड़ा बुनकरों के द्वारा तैयार कराने, भागलपुर, गया,बांका आदि जिलों में बिहार की पहचान तस्सर उत्पाद वस्त्र उत्पादन के लिए सहयोग से रोजगार सृजित किया जा सकता है और ऐसा होने से 40 हजार बुनकर के परिवार की आवश्यकता इसकी पूर्ति के लिए जरूरत पड़ेगी। एक हथकरघा पर पांच व्यक्ति की आवश्यकता के अनुरूप दो लाख लोगों को रोजगार सृजित होगा। इतना ही नहीं इसके प्रोत्साहन से सूत रंगाई, कपड़ा फिनिशिंग के अलावे ट्रांसपोर्ट करने वाले को भी रोजगार मिलेगा।

## बढ़ने वाली है पार्थ चटर्जी की मुश्किलें

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। सूत्रों ने बताया है कि ईडी के बाद अब सीबीआई भी उन्हें अपनी हिरासत में लेने की तैयारी कर रही है। इसके लिए न्यायालय में याचिका लगा दी गई है। पार्थ चटर्जी के खिलाफ मिले सभी साक्ष्यों को सीबीआई ने ईडी से अपने कब्जे में ले लिया है। इसके अलावा बुधवार को गिरफ्तार किये गए बिचौलिया प्रदीप सिंह से पूछताछ के बाद कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। उसके साल्टलेक स्थित दफ्तर पर छापेमारी की गई है जहां से पार्थ चटर्जी से संबंधित दस्तावेज बरामद किए गए हैं। यह भी पता चला है कि प्रदीप नौकरी चाहने वालों और शिक्षा विभाग के बीच बिचौलिया का काम करता था। साथ ही पार्थ चटर्जी के करीबी लोगों में भी शामिल था इसलिए अब सीबीआई भी चटर्जी को अपनी हिरासत में लेने की तैयारी कर रही है। उल्लेखनीय है कि शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में फिलहाल ईडी के हाथों गिरफ्तार पार्थ चटर्जी जेल में बंद हैं।

# नोएडा में ट्विन टावर को गिराने में कड़ाई से हो सुरक्षा मानकों का पालन : योगी

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा में नियमों को ताक पर रखकर बनाई गई बहुमंजिला आवासीय इमारत ट्विन टावर को उच्चतम न्यायालय के आदेश पर गिराये जाने के दौरान सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। योगी ने 28 अगस्त को ट्विन टावर गिराने की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को समीक्षा की। समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि 28 अगस्त को आसपास के आवासीय परिसरों को सुबह के समय पूरी सावधानी के साथ खाली करा लिया जाये। स्थानीय प्रशासन 28 अगस्त को दोपहर 02:30 बजे ट्विन टावर गिराये जाने से पहले इसके पड़ोस में स्थित एमराल्ड कोर्ट और एटीएस विलेज सोसाइटी को सुबह खाली करा देगा। इस दौरान ट्विन टॉवर के चारों ओर की सड़कों पर यातायात आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। इतना ही नहीं नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे भी ध्वस्तीकरण के समय आधा घंटे तक बंद रहेगा। बैठक में बताया गया कि ट्विन टॉवर को गिराने के लिये दोनों टावर में 9600 सुराख करके 3700 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री भरी गई है। गौरतलब है कि भवन निमार्ता कंपनी सुपरटेक द्वारा ट्विन टावर के निर्माण अनियमितता के दोषी पाये गये नोएडा विकास प्राधिकरण के अधिकारी, कर्मचारी, बिल्डर और आर्किटेक्ट सहित अब तक 26 के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। इस मामले में मुख्यमंत्री के निर्देश पर जांच कराई गयी थी। इस मामले में इमारत को गिराये जाने का उच्चतम न्यायालय से आदेश आने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने डेढ़ दशक पुराने इस मामले की गहन जांच कराई। जांच में नोएडा विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों और बिल्डर की मिलीभगत की बात साबित हुई है। ज्ञात हो कि वर्ष 2004 से 2006 के बीच मेसर्स सुपरटेक कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को नोएडा विकास प्राधिकरण द्वारा भूखंड संख्या जीएच 04, सेक्टर 93ए में 54,820 वर्ग मीटर भूमि आवंटित की गई। इस भूमि पर अलग-अलग समय पर प्राधिकरण द्वारा मानचित्र स्वीकृत किए गए। स्वीकृत मानचित्र के मुताबिक कुल 17 टावर बनाये जाने थे। जिनमें कुल 660 आवासीय यूनिट की स्वीकृति दी गई थी। इनमें 15 टावर 15-15 मंजिल के तथा 02 टावर 30 व 32 मंजिल के हैं। उच्चतम न्यायालय ने 31 अगस्त 2021 को 17 टावरों में से ट्विन टॉवर के बीच में आवश्यक न्यूनतम खुला क्षेत्र नहीं होने तथा पूर्व आवंटियों से सहमति नहीं लिए जाने के कारण इसे 03 माह में ध्वस्त करने के आदेश दिये।

## 15 साल पुराने केस से सीएम योगी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहता

**गोरखपुर (एजेंसी)।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। बता दें कि 15 साल पहले सीएम योगी पर हेट स्पीच देने का केस किया गया था। याचिका दायर करने वालों का आरोप था कि जो गोरखपुर में दंगे हुए है। इसकी वजह सीएम योगी का भड़काऊ भाषण था। दरअसल 2007 से चल रहे हेट स्पीच देने के केस से योगी को पूरी तरह से राहत मिल गई है। बता दें कि तकरीबन 15 साल पहले गोरखपुर में हुए सांप्रदायिक दंगों के मामले में परवेज परवाज ने सीएम योगी पर केस दर्ज कराया था। जिसमें उन्होंने योगी आदित्यनाथ पर भड़काऊ भाषण देने का आरोप लगाया गया था। जिसके बाद 2008 में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस कृष्ण मुरारी और जस्टिस एसी शर्मा की डिविजन बेंच ने इस मामले में सुनवाई की थी। जिसमें हाईकोर्ट ने सीएम योगी आदित्यनाथ के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी थी। साथ ही कोर्ट ने कहा था कि सरकार की ओर से मुकदमा चलाने की अनुमति न देने की प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी नहीं दिखती है। दरअसल मई 2017 में राज्य सरकार ने गोरखपुर हिंसा के मामले में सबूत नाकाफी बताते हुए मुकदमे की इजाजत देने से मना किया था। जिसके बाद राज्य सरकार के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। हालांकि 22 फरवरी 2018 को हाईकोर्ट ने इस याचिका को भी खारिज कर दिया था। वही अब सीएम योगी को इस 15 साल पुराने केस से बड़ी राहत मिल गई है।

## डीजल अनुदान की योजना के तहत 2099 किसानों के खाते में 179871.30 लाख रुपये का भुगतान

**गोपालगंज (एजेंसी)।** कम वर्षा होने की वजह से जिले में सूखे की स्थिति बन रही है। ऐसे में किसानों को खरीफ फसलों को बचाने के लिए फसलों की सिंचाई पर डीजल अनुदान दिया जा रहा है। जिला कृषि पदाधिकारी भूपेन्द्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी के लगातार डीजल अनुदान की योजनाओं की समीक्षा की जा रही है। शुक्रवार तक डीजल अनुदान की योजना के क्रिन्यावयन के बाद आज तक जिले के कुल 5223 किसानों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। प्राप्त आवेदनों के सत्यापन के बाद कुल 2099 किसानों के खाते में 179871.30 लाख रुपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि डीजल अनूदान के लिए किसानों को जागरूक करने के लिए पंचायत स्तर पर किसान सलाहाकर को निर्देश दिया गया है कि वे किसानों को डीजल अनुदान के लिए प्रेरित करें ताकि वे डीजल लेकर अपने फसल की सिंचाई कर सकें। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 150 से 200 आवेदन ऑनलाइन किए जा रहे है। जिसकी जांच समय सीमा के अंदर की जा रही है। किसानों ने डीजल अनुदान को लेकर आवेदन दिया जा रहा है। किसानों द्वारा दिए गए आवेदन को कृषि समन्वयक के स्तर से जांच कर स्वीकृत करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी के पास भेजा जाता है। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा स्वीकृत होने पर किसानों के खाते में डीजल अनुदान की राशि भेजी जा रही है। सिंचाई के लिए 75 रुपया प्रति लीटर मिलेगा अनुदान खरीफ फसलों की सिंचाई के लिए किसानों को क्रय किए गये डीजल पर 75 रुपये प्रति लीटर की दर से 750 रुपये प्रति एकड़ प्रति सिंचाई डीजल अनुदान दिया जाएगा। फसल की अधिकतम दो सिंचाई के लिए 1500 रुपया प्रति एकड़ मिलेगा। मौसमी सब्जी की अधिकतम तीन सिचाई के लिए 2250 रुपये प्रति एकड़ मिलेगा अनुदान किसानों को अधिकतम आठ एकड़ सिचाई के लिए मिलेगा।

## न्यूज गैलरी

### मेरठ की पटाखा फैक्टरी में लगी आग, एक की मौत, कई झुलसे



**मेरठ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में मेरठ के रोहटा क्षेत्र में शुक्रवार को एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाके के बाद आग लगने से एक मजदूर की मौत हो गई जबकि कई अन्य झुलस गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने यहां बताया कि रोहटा क्षेत्र में एक अवैध पटाखा फैक्टरी में आज दोपहर अचानक विस्फोट के साथ आग लग गई। आग और विस्फोट इतना जबरदस्त है कि आस पास के लोग आग फैलने के डर से अपने घरों से बाहर निकल आये। आग लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाने के लिए कड़ी मशक्कत की। आग में झुलसने से एक मजदूर की मौके पर मौत हो गयी, जबकि कई अन्य मजदूर बुरी तरह झुलस गये। झुलसे हुए लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पटाखा फैक्टरी में काम करने वाली कई महिलाएं आग लगने के बाद कई फुट ऊंची दीवार से कूदकर जान बचाने में सफल रहीं। दमकलकर्मियों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लिया है।

### मुख्यमंत्री बघेल ने अमित शाह को दिया पोला पर्व में घर आने का न्यौता

**रायपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुख्यमंत्री भूपेश ने फोन पर बात किया और रायपुर दौरे के दौरान घर आने का निमंत्रण भी दिया है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार देर शाम अमित शाह को भूपेश बघेल ने 27 अगस्त को पोला-तीज पर्व में छत्तीसगढ़ के लोकपर्व की समृद्ध संस्कृति से परिचित कराने के लिए मुख्यमंत्री निवास आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा हमारी संस्कृति और वैभव शाली परंपरा है और हम देश के गृहमंत्री को यहां के लोकरंग से परिचित कराने के लिया आमंत्रित कर रहे है । 27 अगस्त को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रायपुर पहुंचेंगे। यहां वे नया रायपुर में एनआईए कार्यालय का उद्घाटन करेंगे।

### जनता दरबार में कई मामलों का ऑन द स्पॉट हुआ निष्पादन

**कटिहार (एजेंसी)।** समाहरणालय के सभागार में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें 50 आवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें सबसे अधिक मामला भूमि विवाद एवं बासगीत पर्चा से संबंधित था। इसके अतिरिक्त अन्य मामला राजस्व, भूमि अतिक्रमण, बासगीत पर्चा, शिक्षा, आईसीडीएस, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि विषय से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जिला पदाधिकारी उदयन मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में कई मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। शेष आवेदन यथाशीघ्र निष्पादन करने हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारी को भेजा गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, भूमि उप समाहर्ता कटिहार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, अधीक्षक, उत्पाद एवं मद्य निषेध, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आईसीडीएस एवं अन्य जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### ट्रेन से कटकर एक की मौत

**बेतिया (एजेंसी)।** नरकटियागंज बगहा रेल खंड पर तौलाहा गांव के नजदीक तौलाहा रेलवे फाटक संख्या 26 के समीप शुक्रवार की सुबह एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। ग्रामीणों ने शव को रेल लाईन के किनारे पड़ा देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची रामनगर पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। संवाद प्रेषण तक शव की पहचान नहीं हो सकी। यह शव तौलाहा रेलवे फाटक संख्या 26 के समीप पिलर संख्या 257/1 के समीप मिला है। थानाध्यक्ष अनंत राम ने शव मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शव के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। संवाद प्रेषण तक पुलिस को इसमें सफलता नहीं मिल सकी है। मृत युवक की उम्र 30 से 35 वर्ष के बीच बताई गई है।

### तालाब में डूबने से अधेड़ की मौत

**गया (एजेंसी)।** जिले के फतेहपुर थानांतर्गत गुरपा ओपी क्षेत्र के नौडीहा झुरांग में नहाने के दौरान तालाब में डूब जाने से 45 वर्षीय जगदीश मांझी की मौत हो गई। घटना शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे की है। मुखिया कुमारी सुधा व मुखिया प्रतिनिधि सुरेंद्र यादव ने बताया कि जगदीश मांझी तालाब में नहाने गया था। नहाने के दौरान वह तालाब के बीच गहरे पानी में चला गया और वह डूब गया। जगदीश के तालाब में डूबने खबर पाकर काफी संख्या में महिला-पुरुष ग्रामीण वहां जुट गये। ग्रामीण शव को निकालने के लिए तालाब में उतर गए और उसे पानी में खोजबीन करने लगे। ग्रामीणों के दो घंटे के प्रयास के बाद जगदीश मांझी का शव तालाब से बाहर निकाला जा सका। मुखिया और मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि जगदीश मांझी घर में अकेले रहता था। उसका बेटा बाहर में मजदूरी करता है। उसके पास 10 साल का एक छोटा बेटा रहता था। उसकी पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। गांव वालों की मदद से जगदीश मांझी के शव को गांव के ही श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

### मुजफ्फरपुर में सोशल मीडिया पर अश्लील तस्वीर डालना युवकों को पड़ा भारी, जमकर हुई पिटाई

**मुजफ़्फ़रपुर (एजेंसी)।** जिले के कांटी थाना क्षेत्र के नगर परिषद क्षेत्र के हाई स्कूल रोड में गुरुवार की रात उस समय स्थानीय लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा जब एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर लड़कियों की अश्लील तस्वीर डाला गया था और वह युवक पकड़ा गया था। देखते ही देखते लोग आक्रोशित हो उठे और आरोपित युवक की जमकर धुनाई करने लगे वही कुछ स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना कांटी थाना पुलिस को दी गई थी जिसके बाद पुलिस की टीम ने आनन-फानन में मौके पर पहुंची और भीड़ में पीटा रहे आरोपी युवक को अपने कब्जे में लिया तथा उचित कार्रवाई करने के बाद लेकर पुलिस की टीम चली गई। आपको बता दें कि यह पहली बार ऐसी घटना घटी है जब गलत करने वालों के खिलाफ स्थानीय लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा है। पूछे जाने पर कांटी थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर संजय सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर अश्लील तस्वीर डालने के आरोप में एक युवक को स्थानीय लोगों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा है। पूरे प्रकरण की जांच पड़ताल चल रही है।

